(2) राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण –1 और चरण–2 के अन्तर्गत सृजित बुनियादी सुविधाओं का अल्प-प्रयोग ; और

(3) अधिक स्टाफ।

(घ) मैसर्स टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विसेस ने निगम के कार्य की समीक्षा की थी और निगम के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए इसके सुदृढ़ और कमजोर क्षेत्रों को चिन्हित किया था। इस अध्ययन में निम्नलिखित प्रमुख मदों पर विशेष जोर दिया गया :—

(क) यह कि राष्ट्रीय बीज निगम अपने कार्यकलापों के अधिकतर क्षेत्रों में कार्यकुशल नहीं रहा और इस प्रकार इसे हानि हुई ; और

(ख) यह कि राष्ट्रीय बीज निगम में उनके कारोबार की तुलना में स्टाफ बहुत अधिक था।

निगम की कार्य कुशलता में सुधार लाने के लिए कन्सलटैन्ट्स की गई प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं :;—

(क) वे अपना उत्पादन और विपणन संबंधी कार्यकलाप बढ़ाएं ;

(ख) वे अपने विभिन्न उत्पादों में संशोधन करें ; और

(ग) संशोधित उत्पादन तथा विपणन संबंधी कार्यकलापों के समरूप स्टाफ स्तर का समायोजन करें।

कन्सलटैन्ट्स की सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए निगम के प्रबंधकों द्वारा उपर्युक्त कदम उठाए गए हैं।

Confiscation of edible oil from NDDB

4068. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI N. GIRI PRASAD:
SHRI SATISH PRADHAN:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Gujarat State Government has confiscated edible oils worth Rs. *135* crores from the ware-houses of National Dairy Development Board;

(b) whether it is also a fact that the NDDB was permitted to store only 7,700 MT of imported edible oil;

(c) whether it is a fact that such storing of oil had created artificial shortage in the market; and

(d) if so, the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE .(SHRI S, KRISHNA KUMAR): (a) The Government of Gujarat had seized 22,119 MT edible oils stock from the godowns of NDDB.

(b) No, Sir. The stock limits of imported edible vegetable palmolein oil had been exempted from the purview of storage control order 177 vide the Govt. Notification dated 27th May,
1994.

(c) and (d) Since NDDB is continuously selling oil in the market from its stocks, therefore the question of artifical shortage of edible oil does not arise.

एच०एफ०सी० और एफ०सी०आई० में उत्पादन क्षमता

4069. **श्री आस मोहम्मद** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अदूर-दर्शिता के कारण एच०एफ०सी० और एफ०सी०आई० में उत्पादन क्षमता कम हो रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ;

(ग) उर्वरकों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या क्या प्रयास किये जा रहे हैं ; और